प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 11.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल डीजल का किफायत से इस्तेमाल करने की अपील की।
- सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का देशव्यापी आयोजन आज–प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख शिवालयों में भी विशेष धार्मिक कार्यक्रम होंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- पश्चिमी राजस्थान झुलसाने वाली गर्मी की चपेट में–बाडमेर, जैसलमेर और फलौदी में पारा 46 डिग्री के पार दर्ज।

00000

पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल डीजल का किफायत से इस्तेमाल करने की अपील की है। श्री मोदी कल हैदराबाद में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयासों से भारत पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न ऊर्जा संकट का प्रभावी तरीके से प्रबंधन कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ईंधन का संयमित उपयोग आज के समय की जरूरत है।

-----

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हाल ही के सालों में वैश्विक सौर ऊर्जा उत्पादकों की शीर्ष श्रेणी में भारत की तरक्की का जिक्र करते हुए कहा कि पेट्रोल में इथेनॉल के मिश्रण में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।

-----

0000

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज सोमनाथ अमृत पर्व 2026 में भाग लेंगे। इसका आयोजन पहले ज्योतिर्लिंग सोमनाथ महादेव मंदिर के पुनर्निर्माण के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। प्रधानमंत्री, सोमनाथ महादेव की पूजा और अभिषेक करेंगे। इसके बाद वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। गुजरात के सोमनाथ में प्रधानमंत्री का रोड़ शो भी रखा गया है। सोमनाथ मंदिर के पुननिर्माण के 75 वर्ष पूरे होने पर देशभर में आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश के 41 जिलों के प्रमुख शिवालयों में विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। देवस्थान विभाग के आयुक्त लक्ष्मीनारायण मंत्री ने बताया कि राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के झारखंड महादेव मंदिर में रखा गया है। इस दौरान महाआरती होगी और कलश यात्रा निकाली जायेगी।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। श्री शर्मा कल अजमेर जिले के पुष्कर के कडेल गांव में ग्राम विकास चौपाल को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में राजीविका के माध्यम से साढे 17 लाख महिलाएं लखपति दीदी बनी है। सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कई काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने राजीविका से जुडी महिलाओं से संवाद करते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि घर–घर शौचालय निर्माण, हर घर नल से जल, जनधन खातों और उज्ज्वला योजना से करोडो महिलाओं का जीवन बदला है।

-----

ग्राम विकास चौपाल में श्री शर्मा ने किसानों और युवाओं से भी बातचीत की। उन्होंने किसानों को परम्परागत खेती से आगे बढकर आधुनिक और जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। रात्रि विश्राम के बाद मुख्यमंत्री ने आज सुबह कडेल गांव में पैदल भ्रमण कर बुजुर्गो और महिलाओं से बातचीत की। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को क्रमोन्नत करने की घोषणा की।

0000

इंदिरा गांधी नहर में कल से बंदी समाप्त हो गई। बीती रात 12 बजे के बाद से अधिकारियों ने हनुमानगढ जिले के टिब्बी के पास पानी प्रवाहित करने का काम शुरू कर दिया है। राजस्थान फीडर की रीलाइनिंग के कारण पानी की मात्रा धीरे धीरे बढाई जायेगी। जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता रामकिशन ने बताया कि फिलहाल 10 क्यूसेक पानी छोडने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि बंदी खत्म होने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी और पानी की समुचित आपूर्ति हो सकेगी।

0000

पश्चिमी राजस्थान में झुलसाने वाली गर्मी का असर है। बीते 24 घंटों में बाडमेर, जैसलमेर और फलौदी में प्रचण्ड लू के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त रहा। बाडमेर में पारा 46 दशमलव 8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं जैसलमेर में भी अधिकतम तापमान 46 दशमलव 3 डिग्री रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि लू के थपेडों से लोग बेहाल नजर आ रहे है। प्रशासन द्वारा लोगों से एहतियात बरतने की अपील की जा रही है।

----

जोधपुर और बीकानेर में भी अधिकतम तापमान 44 डिग्री के पार मापा गया। प्रदेश के 19 शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री से अधिक रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में आज भी हीटवेव की प्रबल संभावना है। वहीं रातें भी काफी गर्म रहेंगी। साथ ही नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागो और शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं आंधी और हल्की बरसात हो सकती है। उधर हनुमानगढ जिले में पिछले तीन–चार दिनों से जारी भीषण गर्मी के दौर के बीच आज सुबह मौसम अचानक बदला और कई स्थानों पर झमाझम पानी बरसा।

0000

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने में संविधान और न्यायपालिका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री शाह कल नई दिल्ली में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दो पुस्तकों के विमोचन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आम आदमी का विश्वास, समाज का संचालन और राष्ट्र का चरित्र मजबूत न्याय व्यवस्था में झलकता है। भारत ने एक समाज के रूप में अपनी संस्थाओं में जनता का विश्वास सफलता से बनाए रखा है।

----

0000

पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल ने रेलगाडियों में मिडिल बर्थ के उपयोग को लेकर एडवाइजरी जारी की है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि मिडिल बर्थ खोलने का समय रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक निर्धारित है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि रेलवे नियमों के तहत सुबह 6 बजे बाद बीच की बर्थ फोल्ड करना अनिवार्य है, जिससे निचली बर्थ पर यात्री आसानी से बैठ सके। उन्होंने बताया कि अपर बर्थ के यात्री पूरे दिन बर्थ का उपयोग कर सकते है। एडवाइजरी में यात्रियों से वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने की भी अपील की गई है।

0000